तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 2 अगस्त 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



11 नेशनल अवॉर्ड से बढ़ा रामनामी समाज का ...





12 एक पेड़ मां के नाम अभियान सन्देश है जन-जन ..





हरिभूमि सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार 2026

सामान्य कूपन 02 अगस्त 2026

कूपन नं. 10


# स्मार्ट मीटर और बिजली दर वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महंगी बिजली, बढ़े हुए बिजली बिल और स्मार्ट मीटर के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार ने शनिवार को पत्रकार वार्ता आयोजित कर प्रदेशव्यापी जनजागरण अभियान की घोषणा की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने बताया कि पार्टी 1 अगस्त से 10 सितंबर तक घर-घर जाकर विद्युत उपभोक्ताओं से आवेदन पत्र भरवाएगी और उन्हें बिजली वितरण कंपनी के संबंधित कार्यालयों में जमा कर विरोध दर्ज कराएगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के जिला, ब्लॉक, ग्रामीण और बूथ स्तर के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे तथा उनसे आवेदन पत्र भरवाएंगे। इन आवेदनों को विद्युत वितरण कंपनी के संभागीय कार्यालय में जमा कर विरोध दर्ज कराया जाएगा। कांग्रेस ने बिजली दर वृद्धि वापस लेने, स्मार्ट मीटर व्यवस्था समाप्त करने तथा 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना पुनः लागू करने की मांग की है।पत्रकार वार्ता में बलौदाबाजार मंडल अध्यक्ष प्रवीण सेन, लखेश साहू, सुरेन्द्र जायसवाल, सुनील कुर्रे, सरजू प्रसाद धृतलहरे, कालिंदी वर्मा, गणेश शंकर साहू, आर्यन शुक्ला, अमर मिश्रा, संतोष यादव, नीरज बांधे एवं कृष्णा टंडन सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ▶▶ शेष पेज 11 पर

## घर-घर जाकर भरवाए जाएंगे आवेदन पत्र

### आंदोलन की चेतावनी

पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में बिजली बिल हाफ योजना लागू थी, जबकि वर्तमान सरकार ने कई बार बिजली दरों में वृद्धि की है। पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश यदु ने भी बढ़े हुए बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर का विरोध करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी।



### जनता पर बढ़ा आर्थिक बोझ

पत्रकार वार्ता में विधायक इंद्र साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ को हमेशा बिजली अधिशेष राज्य माना जाता रहा है, लेकिन वर्तमान सरकार लगातार बिजली दरों में वृद्धि कर आम जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेन्द्र शर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की, वहीं दूसरी ओर बिजली बिलों में वृद्धि कर आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है।

## खबर संक्षेप

### सर्विस रोड पर खड़े 68 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई



**रायपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग सर्विस रोड पर अवैध रूप से खड़े ट्रक एवं ट्रेलरों के खिलाफ ट्रैफिक डीसीपी अर्चना झा के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह के दौरान 524 वाहन चालकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को अभियान चलाते हिए सर्विस रोड पर खड़े ट्रक एवं ट्रेलर चालकों को पहले समझाइश देकर वाहन हटाने के निर्देश दिए गए। नियमों की अवहेलना करने वाले 63 वाहन चालकों के विरुद्ध ई-चालान की कार्रवाई की गई। गंभीर रूप से यातायात बाधित करने वाले 5 वाहन चालकों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 285 के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

### फायरमैन भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी

**रायपुर।** कर्मचारी चयन मंडल ने फायरमैन भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए हैं। नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा 19 जुलाई को आयोजित की गई थी। अभ्यर्थी 5 अगस्त तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### देशी प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद।** झलप-बागबाहरा पेट्रोल पंप के सामने बिक्री के लिए रखे शराब को पटेवा पुलिस ने बरामद कर आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति झलप-बागबाहरा पेट्रोल पंप के सामने ग्राम नरतोरा में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी हरख राम चौहान पिता बेनूराम चौहान (38 वर्ष) निवासी ग्राम नरतोरा के कब्जे से 50 पौवा देशी प्लेन शोले शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## आक्रोश : प्रशासनिक आश्वासन के बाद हुआ समाप्त

# जर्जर सड़क के खिलाफ छात्रों का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

काफी लम्बे अरसे से धुर्राबांधा की सड़क जर्जर एवं खस्ताहाल होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी के चलते आक्रोशित ग्रामीणों, स्कूल छात्र छात्राओं स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम राहगीरों ने आक्रोश जाहिर करते हुए 1 अगस्त को सुबह 7.30 बजे से उस मार्ग पर सड़क बनाये जाने की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। इस आंदोलन से उस मार्ग के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लम्बी लाइन लग गई। स्कूली छात्र छात्राएं हाथों में तख्ती लेकर नारेबाजी करते रहे कि खस्ताहाल रोड बनना पड़ेगा और स्कूल भवन का जीर्णोधार करना होगा। चक्काजाम की जानकारी मिलते ही धरना स्थल में तहसीलदार यशवंत राज, नायब तहसीलदार प्रेमा मिंज, पीडब्लूडी विभाग से कुर्रे मनीकांत तिवारी बीआरसी दुर्गेश एवं पुलिस विभाग का अमला वहां ▶▶ शेष पेज 11 पर



### 6 घंटे चक्काजाम के बाद निकला बीच का रास्ता

सैकड़ों की संख्या में लोगों के बीच भारी खींचतान की स्थित के बाद लगातार संवाद के माध्यम से प्रशासन ने 6 घंटे के बाद वर्तमान स्थित से निपटने बीच का रास्ता निकाला, जिसमें पीडब्लूडी विभाग द्वारा बरसात के बाद स्थायी रुप से डामरीकृत रोड बनाये जाने व राशि स्वीकृत होने की बात कही।

### स्कूली समय भारी वाहनों पर लगेगी रोक

धुर्राबांधा में चक्का जाम के दौरान हुई वार्तालाप में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आशवासन दिया गया है कि स्कूली समय 9.30 से 10.30 के बीच भारी वाहनों पर रोक लगेगी एवं 3.30 से 4.50 तक धुर्राबांधा से कोसमंदा तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगेगा, जिसमें सुबह-शाम यातायात विभाग के 2 जवानों को तैनात किये जाने की भी बात कही गई।

### प्रशासनिक अमला केवल आश्वासन देकर लौटा

भाटापारा विधायक इन्द्र साव ने कहा कि भाटापारा–मोपका–घनेली मार्ग की मांग ग्रामीण लंबे समय से कर रहे हैं, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण आज तक सड़क का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि इसी मांग को लेकर आज बच्चे और ग्रामीण सड़क पर उतरकर लंबे समय तक आंदोलन करते रहे, जिसके बाद प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा, लेकिन केवल आश्वासन देकर लौट गया।

### 4 करोड़ 20 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है : विधायक साव



विधायक साव ने कहा कि उन्होंने इस सड़क के मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए 25 फरवरी को विधानसभा में प्रश्न लगाया था। इसके जवाब में जानकारी मिली कि छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर द्वारा इस मार्ग के निर्माण के लिए आवश्यक भू-अर्जन कार्य हेतु 4 करोड़ 20 लाख 61 हजार की प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसे वित्त विभाग की सहमति भी प्राप्त है। उन्होंने कहा कि स्वीकृति मिलने के बावजूद जमीनी स्तर पर काम शुरू नहीं होना चिंता का विषय है और जल्द ही कार्य प्रारंभ कराने के लिए शासन और प्रशासन पर दबाव बनाया जाएगा।

### अगर समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो दोबारा आंदोलन

ग्रामीणों व छात्र-छात्राओं ने उक्त रोड के जर्जर खस्ताहाल का मुख्य कारण निजि संयंत्र के भारी वाहनों का आना जाना बताया है। इसमें कई बार आम राहगीर व मवेशी भी इन भारी वाहनों से दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। गांव के छात्र तुषार वर्मा ने बताया कि इस जर्जर खस्ताहाल रोड के कारण 12 माह लोग परेशानी जूझ रहे हैं। कई बार उक्त समस्या को लेकर शासन प्रशासन को भी अवगत कराया गया, परंतु उनके द्वारा उक्त मुद्दे पर गम्भीरता ध्यान नहीं दिये जाने से आज ग्रामीणों को चक्का जाम के लिए बाध्य होना पड़ा। वहीं स्कूल की छात्रा मोना पाल द्वारा बताया गया कि 6वीं से 8वी तक का स्कूल का भवन जर्जर हो चुका है। 3 सालों के इंतजार व शिकायत के बाद भी जर्जर स्कूल भवन के जीर्णोधार के लिए कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिसके चलते स्कूलें दो पालियों में लगाना पड़ रहा है। वहीं 10वीं की छात्र मोनिका पाल ने कहा कि आने वाले समय में समस्या यथावत बनी रहती है तो हम छात्र-छात्राओं द्वारा अपनी सुरक्षा व हितों की रक्षा के लिए आंदोलन व चक्काजाम किया जायेगा।

## हथबंद में नियम विरुद्ध सचिव की पदस्थापना का विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा/ हथबंद

जनहित से जुड़ी छह सूत्रीय मांगों को लेकर शिवसेना एवं ग्रामीणों ने शुक्रवार को जनपद पंचायत सिमगा कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यालय के दोनों गेट बंद कर दिए गए, जिससे कर्मचारियों को बाउंड्री वॉल से अंदर-बाहर आते-जाते देखा गया। प्रदर्शन करीब चार घंटे तक चला।

■ शिवसेना ने किया जनपद पंचायत सिमगा का घेराव, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी.पी. मनहर कार्यालय छोड़कर चले गए और संपर्क करने के बावजूद उनका फोन रिसीव नहीं किया। बाद में जिला पंचायत सीईओ से चर्चा होने पर तहसीलदार अनुराग भट्ट मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से ज्ञापन प्राप्त कर उनकी मांगों पर चर्चा की। तहसीलदार ने संबंधित मांगों से उच्च अधिकारियों को अवगत कराने तथा आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।शिवसेना पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत हथबंद में सचिव की पदस्थापना को लेकर भी आपत्ति जताई। उनका कहना है कि ग्रामसभा ने वर्तमान सचिव विनोद वैष्णव को मुख्य प्रभार दिए जाने का प्रस्ताव पारित किया है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जनपद पंचायत सीईओ द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए मनमाने ढंग से ▶▶ शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री आज करेंगे नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माई भारत के संयुक्त तत्वावधान में 2 अगस्त को प्रातः 10 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का राष्ट्रीय शुभारंभ करेंगे। इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें स्वस्थ, सशक्त एवं राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना है। शुभारम्भ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के. साथ ही जनप्रतिनिधिगण, जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधिगण, स्काउट एवं गाइड, एनसीसी एवं एनएसएस के स्वयंसेवक, खेल संघों के पदाधिकारी, प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी भी शामिल होंगे।

■ जिला पंचायत सभाकक्ष में कार्यक्रम के सीधा प्रसारण का आयोजन

कार्यक्रम में जिले के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई), पॉलिटेक्निक संस्थानों, विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्रों, युवा संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, व्यापारिक एवं व्यावसायिक संगठनों तथा विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं युवा भी कार्यक्रम में शामिल होकर नशामुक्त भारत के संकल्प के सहभागी बनेंगे।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी संबंधित विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, सामाजिक एवं युवा संगठनों से कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है, ताकि समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जन-जागरूकता उत्पन्न हो तथा युवाओं को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके।

# आंतकी हमले में मारे गए छग के श्रमिक के परिवारों को कश्मीर सरकार देगी 10 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

जम्मू और कश्मीर में कुलगाम जिले के केलम इलाके में हुए आतंकवादी हमले में घायल हुए भूपेंद्र कुमार भैना ने भी आज सुबह दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर दो हो गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल भूपेंद्र ने श्रीनगर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कल शाम भूपेंद्र और दीपक पर अज्ञात आतंकवादियों ने गोलीबारी की थी। घटना के तुरंत बाद इलाके को घेर लिया गया और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस हत्या की कड़ी निंदा की है और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उपराज्यपाल ने सुरक्षा बलों को इलाके में अभियान तेज करने और हमले में शामिल आतंकवादियों को खत्म करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है, इसके अतिरिक्त कुलगाम जिला प्रशासन द्वारा 6 लाख रुपये की तत्काल सहायता प्रदान की जाएगी, फिलहाल 2 लाख का सहायता प्रदान किया जा चुका है।

### छत्तीसगढ़ के श्रमिकों के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दे सरकार



**बलौदाबाजार।** पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में हुए आतंकी हमले में छत्तीसगढ़ के दो श्रमिकों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। मीडिया से चर्चा करते हुए त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल के नेता चरणदास महंत ने संबंधित खुफिया अधिकारियों से चर्चा कर जम्मू-कश्मीर में कार्यरत छत्तीसगढ़ के श्रमिकों की सुरक्षा, घायलों के समुचित उपचार तथा मृतकों के पार्थिव शरीर को छत्तीसगढ़ लाने के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है।उन्होंने कहा कि इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल आतंकवादियों को जल्द से जल्द ढूंढकर कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि मृतक श्रमिकों के परिजनों को 1 करोड़ रुपये तथा घायल श्रमिकों को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। साथ ही, ▶▶ शेष पेज 11 पर

## संदीप साहू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू से की मुलाकात

# दिल्ली में बनेगा साहू समाज का सामाजिक भवन और छात्रावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

दिल्ली में प्रदेश साहू संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की एकता संगठन की सुदृढ़ता और भावी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कसडोल विधायक एवं अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष संदीप साहू विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक के पश्चात संदीप साहू के नेतृत्व में समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू से दिल्ली स्थित मंत्रालय पर डीडीए कमिश्नर के उपस्थित में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान समाज के कल्याण शिक्षा सामाजिक सशक्तिकरण और समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय राज्य मंत्री से चर्चा कर मांग रखी की छत्तीसगढ़ तथा अन्य राज्यों से शिक्षा रोजगार और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए नई दिल्ली आने वाले विद्यार्थियों युवाओं और समाजबंधुओं की सुविधा के लिए एक छात्रावास एवं बहुउद्देशीय सभागार सामाजिक भवन का निर्माण किया जाए।



इसके लिए दिल्ली में उचित भूमि आवंटन की मांग की गई केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और साहू समाज के इस कल्याणकारी एवं जनहितैषी प्रयास की सराहना की उन्होंने नई दिल्ली में समाज भवन और छात्रावास के निर्माण के लिए हरसंभव सहायता और उचित सहयोग प्रदान करने का पूरा आश्वासन दिया। इस अवसर पर रामलाल गुप्ता, अरुण भस्मे, सियाराम साहू, रमेश साहू, रजनीश कुमार, यशवंत जोशी, बी एम प्रसाद राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अ भा तै सा महा सभा आदि समाज के लोग उपस्थित रहे।

### दिल्ली में समाज भवन व छात्रावास निर्माण की पहल

इसके लिए दिल्ली में उचित भूमि आवंटन की मांग की गई केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और साहू समाज के इस कल्याणकारी एवं जनहितैषी प्रयास की सराहना की उन्होंने नई दिल्ली में समाज भवन और छात्रावास के निर्माण के लिए हरसंभव सहायता और उचित सहयोग प्रदान करने का पूरा आश्वासन दिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय महासचिव रामलाल गुप्ता, अरुण भस्मे राष्ट्रीय अपर महासचिव अ भा तै सा महा सभा, सियाराम साहू राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अ भा तै सा महा सभा,रमेश साहू राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष अ भा तै सा महा सभा, रजनीश कुमार प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली साहू समाज, यशवंत जोशीसचिव, दिल्ली साहू समाज ,बी एम प्रसाद राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अ भा तै सा महा सभा आदि समाज के लोग उपस्थित रहे।

# हरियर छत्तीसगढ़ महाअभियान में पौधारोपण और विकास कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

हरियर छत्तीसगढ़ महाअभियान के अंतर्गत 1 से 31 जुलाई तक चलाए गये अभियान के तहत खरौरा मंडल की ग्राम पंचायत कुम्हारी में पौधारोपण एवं विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अनुज शर्मा उपस्थित हुए। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष टीकेश्वर मनहरे, सरपंच संगीता वर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा, मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, महामंत्री दुलेश साहू, प्रचार-प्रसार मंत्री कमलेश वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष तिलोचनी साहू, सोसायटी अध्यक्ष डोगेश वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता, शिक्षकगण, ग्राम पंचायत परिवार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्कूली बच्चे भी मौजूद थे।



कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया गया तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने हरित पर्यावरण एवं ग्राम विकास के लिए सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

# अरुणाचल मॉडल पर बस्तर में हो सड़क निर्माण, मुख्यमंत्री साय ने केंद्र से किया आग्रह

## पीएमजीएसवाय-4 में 10 किमी क्लस्टर की विशेष व्यवस्था का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर बस्तर संभाग के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों तक सड़क संपर्क मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 में विशेष प्रावधान करने का आग्रह किया। बैठक में प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा, भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव तथा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह भी उपस्थित थे। इस दौरान गृह मंत्री विजय शर्मा ने बस्तर सहित प्रदेश में ग्रामीण विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बस्तर के अनेक गांव घने जंगलों, पहाड़ियों और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में स्थित हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत केवल 500 मीटर की परिधि में स्थित बसाहटों को एक क्लस्टर माना जाता है। इस व्यवस्था के कारण बस्तर के अनेक छोटे और दूरस्थ गांव सड़क सुविधा से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि अरुणाचल प्रदेश की तरह बस्तर में भी 10 किलोमीटर की परिधि में स्थित बसाहटों को एक क्लस्टर मानने की विशेष अनुमति दी जाए, ताकि अधिक से अधिक गांवों को सड़क संपर्क से जोड़ा जा सके।




### प्रस्ताव को दें प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति

*मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर अब नक्सलवाद के दौर से निकलकर तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में बेहतर सड़क संपर्क क्षेत्र के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं हैं, बल्कि विकास, सुरक्षा और समृद्धि की आधारशिला हैं। इसलिए बस्तर की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दी जानी चाहिए।*

### शिवराज ने दिया आश्वासन

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री के प्रस्ताव को गंभीरता से सुना और इस पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बस्तर जैसे दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है और राज्य सरकार के प्रस्ताव पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### राज्य सरकार की सराहना

बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जीरामजी योजना के तहत मुक्तिधाम और शौचालय निर्माण जैसे कार्य प्रभावी ढंग से हो रहे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के बेहतर क्रियान्वयन की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में प्रतिदिन लगभग 1,500 आवासों का निर्माण एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में विकास कार्य और अधिक गति से आगे बढ़ेंगे।

## खबर संक्षेप

### देशकर एडवरटाइजिंग को राष्ट्रीय पुरस्कार

**रायपुर।** गोवा में आयोजित आउटडोर एडवरटाइजिंग अवॉर्ड्स में रायपुर छत्तीसगढ़ के देशकर एडवरटाइजिंग को दो राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाज़ा गया। यह पुरस्कार आउट ऑफ़ होम मीडिया ओनर (ईस्ट) के श्रेणी में मिला है देशकर एडवरटाइजिंग का यह पांचवा राष्ट्रीय पुरस्कार है पूर्व में भी एजेंसी को विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है। राज्य की पहली एडवरटाइजिंग एजेंसी है ,जिसे कुल पाँच राष्ट्रीय पुरस्कार मिला चुका है।

### संविदा और दैवेभो कर्मचारियों को सम्मान सूची से बाहर रखने का आरोप

**रायपुर।** दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा कलेक्ट्रेट की आदिवासी विकास शाखा से जारी एक आदेश को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि आदेश में उन्हें सम्मान के दायरे से बाहर रखा गया है। कर्मचारियों ने इसका विरोध करते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और आदेश निरस्त करने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। छत्तीसगढ़ संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रवक्ता पुरन दास ने कहा कि प्रदेश में 2 लाख से अधिक संविदा, दैनिक वेतनभोगी और अन्य अनियमित कर्मचारी विभिन्न सरकारी विभागों में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये कर्मचारी ड्राइवर से लेकर मंत्रालय स्तर तक अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं और सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी मुख्यमंत्री निवास, मंत्रियों के कार्यालयों, आईएएस अधिकारियों के शासकीय आवासों और अन्य विभागों में लगातार काम करते हैं। ऐसे में उन्हें सम्मान के दायरे से बाहर दिखाना उनके वर्षों के परिश्रम और योगदान का अपमान है।

### तंबाकू पर छत्तीसगढ़ का 'कड़ा प्रहार', 14,948 शिक्षण संस्थान तंबाकू मुक्त

**रायपुर।** तंबाकू के खिलाफ छत्तीसगढ़ में चल रही मुहिम अब सिर्फ जागरूकता अभियान तक सीमित नहीं रही है। राज्य में तंबाकू की रोकथाम से लेकर इसे छोड़ने के लिए काउंसलिंग, उपचार, शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने और कानून के उल्लंघन पर कार्रवाई तक एक साथ काम किया जा रहा है। इसी समेकित प्रयास का असर है कि वर्ष 2025-26 में 70,440 लोगों ने तंबाकू छोड़ने के लिए काउंसलिंग ली, जबकि 6,563 लोगों को काउंसलिंग के साथ फार्माकोथेरेपी उपलब्ध कराई गई। युवाओं को तंबाकू से दूर रखने के लिए 4,577 नए शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया, जिससे राज्य में ऐसे संस्थानों की संख्या बढ़कर 14,948 हो गई है। अभियान का विशेष फोकस युवाओं को तंबाकू से दूर रखने पर रहा। अभियान के तहत वर्ष के दौरान 4,577 नए शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया। पूर्व में घोषित 10,371 संस्थानों को मिलाकर राज्य में अब 14,948 शिक्षण संस्थान तंबाकू मुक्त घोषित किए जा चुके हैं। इनमें शासकीय एवं निजी स्कूलों के साथ कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थान शामिल हैं। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंध के उल्लंघन पर वर्ष के दौरान 7,783 चालान कर 10,97,670 रुपए का जुर्माना वसूला गया। वहीं 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को तंबाकू उत्पाद बेचने अथवा उनसे खरीदने के मामलों में 1,088 चालान तथा शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री के विरुद्ध 1,187 चालान किए गए।

## कृषिमंत्री रामविचार और कृषि उत्पादन आयुक्त ने दिया उपलब्धियों का ब्योरा

# खरीफ के लिए खाद बीज पर्याप्त, डीबीटी से 25 लाख किसान लाभान्वित, एग्री-स्टैक में 36 लाख पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में खरीफ सीजन के लिए इस साल खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता बनाई गई है। राज्य के 25 लाख से अधिक किसान डीबीटी से लाभान्वित हुए है और 36 लाख किसानों का एग्री-स्टैक पोर्टल में पंजीयन किया गया है। यह जानकारी शुक्रवार को नवा रायपुर में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने दी। इस अवसर कृषि उत्पादन आयुक्त सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने विभागीय उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी।

अधिकारियों ने खाद-बीज की उपलब्धता, खरीफ की बोनी, कृषि यंत्रीकरण, प्राकृतिक खेती, एग्रीस्टैक, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन और कृषि अधोसंरचना से जुड़े आंकड़े साझा किए। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिए किसानों को हजारों करोड़ रुपये की सहायता दी गई है और कृषि से जुड़े अन्य क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

### खरीफ सीजन के लिए 98 प्रतिशत उर्वरक भंडारण

सरकार के मुताबिक खरीफ 2026 के लिए अप्रैल से सितंबर तक 15.55 लाख मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों के भंडारण का लक्ष्य रखा गया था। 30 जुलाई तक 15.16 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण हो चुका है, जो लक्ष्य का लगभग 98 प्रतिशत है। अब तक 10.23 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का वितरण किया जा चुका है।




### डीबीटी से 25 लाख से अधिक किसानों को सहायता

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि कृषक उन्नति योजना के तहत खरीफ 2023 से खरीफ 2025 तक लगभग 25.52 लाख किसानों के खातों में 35,892.90 करोड़ रुपये की सहायता सीधे डीबीटी के माध्यम से भेजी गई है। सरकार ने यह भी घोषणा की कि धान के बजाय दूसरी फसलों की खेती करने वाले किसानों के लिए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि 11 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये कर दी गई है, ताकि फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिल सके। पीएम-किसान और एग्रीस्टैक पर जोरसरकार के अनुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त के तहत राज्य के 24.63 लाख किसानों को 493 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी गई। योजना शुरू होने से अब तक किसानों को 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। 36 लाख से अधिक किसानों का डिजिटल पंजीयन एग्रीस्टैक प्लेटफॉर्म पर किया गया है।

### 83 प्रतिशत क्षेत्र में पूरी हुई खरीफ की बोनी

कृषि विभाग के अनुसार इस वर्ष खरीफ में 48.69 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य रखा गया है। अब तक लगभग 83 प्रतिशत क्षेत्र में बुआई पूरी हो चुकी है। सरकार का कहना है कि सामान्य से अधिक वर्षा होने के कारण खरीफ फसलों की स्थिति फिलहाल संतोषजनक है।

### यंत्रीकरण, सिंचाई और प्राकृतिक खेती पर फोकस

अधिकारियों ने बताया कि कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत 7,745 किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराए गए हैं और 568 फार्म मशीनरी बैंक स्थापित किए गए हैं। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत करीब 50 हजार किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई का लाभ दिया गया है तथा 41,967 हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई का विस्तार हुआ है। इस पर 147 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया गया है।

### दलहन-तिलहन उद्यानिकी और कृषि अधोसंरचना

सरकार ने कहा कि पीएम-आशा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन और अन्य योजनाओं के जरिए दलहन एवं तिलहन उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। किसानों को प्रमाणित बीज, प्रशिक्षण और अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। पिछले ढाई वर्षों में उद्यानिकी फसलों का रकबा 8.42 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 8.91 लाख हेक्टेयर हो गया है।

### पशुपालन और मत्स्य उत्पादन में बढ़ोतरी

सरकार के अनुसार पशुपालन क्षेत्र में दूध, अंडा और मांस उत्पादन में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। राज्य सरकार, छत्तीसगढ़ सहकारी दुग्ध महासंघ और एनडीडीबी के बीच हुए समझौते के बाद दुग्ध उत्पादकों को हर दस दिन में भुगतान की व्यवस्था लागू की गई है। इसके अलावा नई दुग्ध समितियां, चिलिंग सेंटर और मोबाइल पशु चिकित्सा सेवाओं का भी विस्तार किया गया है। पिछले ढाई वर्षों में राज्य का मत्स्य उत्पादन लगभग 23 प्रतिशत बढ़कर 9.59 लाख टन तक पहुंच गया है।

## भाजपा बोली

# प्रदेश सरकार ने किया शिक्षा विभाग का कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने कहा, राज्य में सुशासन, पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के दिशा-निर्देशों में राज्य सरकार ने बीते दो वर्षों में शिक्षा विभाग का व्यापक कायाकल्प किया है।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि वर्षों पुरानी अव्यवस्थाओं, दफ्तरों के चक्कर काटने की मजबूरी और शिक्षक-विहीन शालाओं जैसी चुनौतियों का अंत करते हुए सरकार ने तकनीक और न्यायसंगत फैसलों के जरिए हर वर्ग को सीधी राहत पहुंचाई है। डॉ. मिश्रा ने कहा, डिजिटल गवर्नेंस से पारदर्शिता और अनुशासन का भाव बढ़ा है। वीएसके मोबाइल ऐप (डिजिटल उपस्थिति) के तहत प्रदेश के 1,77,126 शिक्षक अब प्रतिदिन ऑनलाइन हाजिरी लगा रहे हैं, जिससे शालाओं में प्रशासनिक अनुशासन और समयबद्धता सुदृढ़ हुई है। सिंगल पोर्टल व्यवस्था के जरिए छुट्टियों और सेवा संबंधी 30,19,439 आवेदनों का पारदर्शी ऑनलाइन निस्तारण किया गया, जिससे कर्मचारियों को दफ्तरों के चक्कर काटने से हमेशा के लिए मुक्ति मिली है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि पदोन्नति प्रक्रिया की पुरानी मैनुअल व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर ऑनलाइन सिस्टम लागू किया गया। पूरी निष्पक्षता से 1,335 टी-संवर्ग तथा 1,478 ई-संवर्ग के योग्य शिक्षकों को पदोन्नत कर प्राचार्य बनाया गया। इसके अलावा प्रधान पाठक व अन्य श्रेणियों के लगभग 7,000 पदों पर पारदर्शी तरीके से पदोन्नति दी गई। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मिश्रा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की तीसरी उपलब्धि वर्षों पुराने विवादों का संवेदनशील समाधान है। पुरानी व्यवस्था की कमियों और तकनीकी अड़चनों को दूर करते हुए सरकार ने 2,621 बी-एड धारक सहायक शिक्षकों को विज्ञान प्रयोगशाला में सफलतापूर्वक समायोजित कर उनके हितों को सुरक्षित किया। इसी तरह ऐतिहासिक युक्ति-युक्तकरण से हर स्कूल में पर्याप्त शिक्षक हैं। पूर्व में प्रदेश की 453 शालाएं पूरी तरह शिक्षक-विहीन थीं और 5,936 शालाएं सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रही थीं। अब पारदर्शी युक्ति-युक्तकरण के तहत 15,165 शिक्षकों एवं प्राचार्यों का न्यायसंगत समायोजन किया गया। इसकी परिणाम यह हुआ है कि आज प्रदेश की सभी 453 शिक्षक-विहीन शालाओं में शिक्षकों की पदस्थापना हो चुकी है और एकल-शिक्षक स्कूलों की समस्या का भी स्थाई समाधान हो गया है।

# आज से कांग्रेस का स्मार्ट मीटर के खिलाफ आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस ने शनिवार से प्रदेशभर में आंदोलन करने का फैसला किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बिजली के दाम की बढ़ोत्तरी वापस लेने तथा स्मार्ट मीटर वापस लेने एवं 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना को फिर से शुरू करने के लिए कांग्रेस आंदोलन करने जा रही है।

- घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से भराए जाएंगे स्मार्ट मीटर हटाने के लिए फार्म

पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री बैज ने बताया पहले दिन एक अगस्त को सभी जिलों में पत्रकार वार्ता लेकर बिजली के दाम बढ़ोत्तरी का विरोध किया जाएगा तथा बिजली के बढ़े दाम वापस लिए जाने की मांग की जाएगी।




### बैज ने बताए बिजली बिल ज्यादा आने के तीन कारण

श्री बैज ने कहा, बिजली बिल ज्यादा आने के तीन कारण हैं। पहला सरकार ने बिजली के दाम बढ़ा दिए हैं। दूसरा बिजली बिल हाफ योजना बंद हो गई। तीसरा स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं जो अनाप शनाप खपत से अधिक रीडिंग बता रहा जिससे बिल अधिक आ रहा।

दो अगस्त से कांग्रेस के कार्यकर्ता स्मार्ट मीटर के खिलाफ घर-घर से आवेदन भरवा कर स्मार्ट मीटर हटाने की मांग करेंगे तथा आम जनता के द्वारा बिजली के दाम बढ़ाने के विरोध में विरोध पत्र भरवाएंगे, बिजली के दाम बढ़ोत्तरी को वापस लेने की मांग दो माह तक करेंगे। दो माह पश्चात जिलों में भरवाए गए फार्म को लेकर प्रदेश भर में हम जिले के बिजली दफ्तर का घेराव करेंगे एवं एकत्रित आवेदन जमा कराएंगे और पावती लेंगे। पावती को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री जो कि बिजली मंत्री भी है उनके निवास का घेराव करेंगे। श्री बैज ने कहा, भाजपा सरकार ने जुलाई से घरेलू उपभोक्ताओं के दाम में 30 से 50 पैसे तथा गैर घरेलू में 20 से 40 पैसे की बढ़ोत्तरी की है। कृषि के पंप की बिजली में भी 40 पैसे की बढ़ोत्तरी की गई है। भाजपा की सरकार बनने के बाद लगातार पांचवीं बार बिजली के दाम बढ़ाए गए हैं। भाजपा की सरकार आने के बाद अभी तक 31.23 प्रतिशत बिजली के दाम बढ़ाए गए हैं। कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में केवल 2 पैसे की बढ़ोत्तरी बिजली के दामों में की थी, उसमें भी 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू थी। श्री बैज ने कहा, 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के बाद पांच बार बिजली के दाम बढ़ाया जाना जनता पर बोझ है। सरकार का बिजली विभाग उपभोक्ताओं को बिल के नाम पर लूटने में लगा है। पिछले कुछ महीनों से बिजली के बिल तीन से चार गुना आ रहे हैं। बिजली के खपत का अनुबंध भार क्षमता बिना उपभोक्ता की सहमति के बढ़ा दिया जा रहा है। जबकि उपभोक्ता की सहमति के बिना उसका अनुबंध भार नहीं बढ़ाया जा सकता।

# पवित्र माटी युक्त कलश की राम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समरसता संकल्प अभियान के तहत वाराणसी से पवित्र माटी युक्त कलश लेकर निकला भाजपा का प्रतिनिधिमण्डल शुक्रवार को राजधानी पहुंचा।

श्रीराम मंदिर में साधु-संतों की उपस्थिति में पवित्र कलश, वाराणसी की माटी का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर कलश की स्थापना की गई।रविदास जयंती कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक अखिलेश सोनी ने बताया, यह पवित्र कलश प्रदेश भाजपा के सभी संगठन जिलों में दर्शन एवं पूजन हेतु पहुंचाया जाएगा, ताकि पूरे प्रदेश में समरसता और सद्भाव का वातावरण निर्मित हो सके। 4 अगस्त को पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में कलश वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,





प्रदेश के साधु-संत एवं विभिन्न समाजों के समाज प्रमुख उपस्थित रहेंगे। ये कलश प्रदेश के 36 संगठन जिला के जिलाध्यक्षों को सौंपे जाएंगे, जिसके बाद प्रदेश के 479 मण्डलों के सभी गांवों में दर्शन के लिए जाएगा।

श्री राम मंदिर के कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, डॉ. नवीन मार्कंडेय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, श्यामबिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, विधायक राजेश मूणत, पुरन्दर मिश्रा, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, समरसता संकल्प अभियान सह संयोजक शंकर अग्रवाल, सुरेंद्र पाटनी, रमेश सिंह ठाकुर, श्याम नारंग, संजय श्रीवास्तव, दीपक म्हस्के, गौरीशंकर श्रीवास, मोना सेन, अमित साहू, किशोर महानंद, भाजपा पदाधिकारी, सहित बड़ी संख्या में आम जन व भाजपा कार्यकर्ताओं ने पवित्र कलश का दर्शन किया।

# सोशल मीडिया पोस्ट पर कांग्रेस का एक्शन, पूर्व जिलाध्यक्ष मालाकार को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पार्टी की छवि धूमिल करने वाले कथित सोशल मीडिया पोस्ट के मामले में सारंगढ़-बिलाईगढ़ के पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरुण मालाकार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रदेश कांग्रेस ने तीन दिन के भीतर लिखित जवाब मांगा है और संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलने पर एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

बताया गया है कि मालाकार ने सोशल मीडिया पोस्ट में पूर्व मंत्री उमेश पटेल को मेरे नेता मेरे अध्यक्ष बताया था। उन्होंने लिखा था कि मैं चाहता हूं कि उमेश पटेल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनें। 30 जुलाई को

> लिखा था - उमेश पटेल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनें...

जारी नोटिस में कहा गया है कि प्रदेश कांग्रेस के संज्ञान में आया है कि अरुण मालाकार द्वारा सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर एक पोस्ट साझा और प्रसारित की जा रही है। पार्टी का आरोप है कि इससे कांग्रेस संगठन की छवि धूमिल हो रही है और यह अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि प्रदेश अध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित नेता से स्पष्टीकरण मांगा है।

### तीन दिन में मांगा जवाब

प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री (संगठन एवं प्रशासन) मलकीत सिंह गैंद के हस्ताक्षर से जारी नोटिस में अरुण मालाकार को निर्देश दिया गया है कि पत्र प्राप्त होने के तीन दिनों के भीतर अपना लिखित जवाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजें। यदि तय समय में जवाब नहीं दिया गया या स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया, तो उनके विरुद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।नोटिस की प्रतिलिपि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, जिनमें एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य पदाधिकारियों को भी सूचनार्थ भेजी गई है।

## 155 शिक्षकों की भर्ती निरस्त करने का मामला

# कांग्रेस ने किया डीईओ कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षा विभाग द्वारा 155 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया निरस्त किए जाने तथा सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को निम्न गुणवत्ता की साइकिल वितरित किए जाने के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ता जैसे ही डीईओ कार्यालय पहुंचे, पुलिस प्रशासन ने बैरिकेडिंग कर उन्हें कार्यालय के बाहर ही रोक दिया। इससे नाराज कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रारंभ किए गए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों ने शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया था। इन विद्यालयों की शिक्षा



व्यवस्था इतनी बेहतर थी कि अनेक अभिभावकों ने निजी विद्यालयों से अपने बच्चों का नाम कटवाकर स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में प्रवेश दिलाया। इन विद्यालयों के छात्र मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने लगे थे, जिससे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ था। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार बनने के बाद स्वामी आत्मानंद विद्यालयों की लगातार उपेक्षा की गई। कुछ माह पूर्व कांग्रेस ने इन विद्यालयों की अव्यवस्थित शिक्षा व्यवस्था को लेकर आंदोलन किया था। इसके बाद शिक्षकों की भारी कमी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने 155 शिक्षकों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे, जिसमें 34 हजार से अधिक युवाओं ने आवेदन किया। आवेदन की प्रक्रिया के बाद स्क्रूटिनी और चयन प्रक्रिया भी मेरिट आधार पर हुई थी लेकिन भर्ती की प्रक्रिया को जानबूझकर रोक दिया गया। कांग्रेस ने मांग की है, 155 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया तत्काल पुनः प्रारंभ की जाए, स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण साइकिल उपलब्ध कराई जाए।

## खबर संक्षेप

### पेपर लीक रोकथाम विधेयक युवाओं के भविष्य की सुरक्षा का मजबूत कदम



खरोरा। भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के मीडिया प्रभारी विकास सिंह ठाकुर ने संसद के दोनों सदनों से पारित पेपर लीक रोकथाम विधेयक-2026 का स्वागत करते हुए इसे युवाओं के भविष्य की सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह कानून प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित करेगा तथा पेपर लीक, नकल, प्रश्नपत्र व उत्तर कुंजी लीक, तकनीकी हस्तक्षेप और संगठित परीक्षा माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त करेगा। ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इससे प्रतिभा और परिश्रम का सम्मान सुनिश्चित होगा।

### विद्यालय को मिली प्रशिक्षित गाइड कैप्टन

खरोरा। भरुवाडीह कला विद्यालय की शिक्षिका सुश्री अनीशा यादव ने भखारा जिला धमतरी में आयोजित बेसिक गाइड कैप्टन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के उद्देश्य, नियम, अनुशासन, नेतृत्व विकास, सेवा कार्य, प्राथमिक उपचार, कैंप



प्रबंधन तथा विभिन्न गाइड गतिविधियों का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत सुश्री अनीशा यादव अब विद्यालय में गाइड गतिविधियों का संचालन करेंगी तथा छात्राओं में नेतृत्व, अनुशासन, आत्मनिर्भरता, सेवा भावना एवं राष्ट्रप्रेम जैसे गुणों के विकास के लिए कार्य करेंगी। विद्यालय के प्रधान पाठक दिनेश कुमार वर्मा, एस एम सी अध्यक्ष भगत राम निषाद, स्काउट मास्टर वीरेंद्र कुमार वर्मा, संकुल समन्वयक नेमचंद धीवर, सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे, शिक्षक कृष्ण किशोर साहू, चित्ररेखा वर्मा, पी आर वर्मा, हिमाचल चौबे, ज्योति वर्मा, शुक्लाजी ने सुश्री अनीशा यादव को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में विद्यालय की गाइड इकाई नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी और छात्राएं राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करेंगी।

### स्टेशन पर किलाबंदी टिकट जांच में 235 यात्री पकड़े गए

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल ने रायपुर रेलवे स्टेशन पर विशेष किलाबंदी टिकट जांच अभियान चलाया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव के निर्देश पर 30 जुलाई को स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म और 12 ट्रेनों में हुई जांच के दौरान कुल 235 मामले दर्ज किए गए। इस कार्रवाई में रेलवे ने 2,02,345 रुपए का राजस्व वसूल किया। जांच अभियान में 147 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए, जिनसे 1,55,540 रुपए का जुर्माना वसूला गया। वहीं 64 यात्रियों को अनियमित टिकट के साथ यात्रा करते पाए जाने पर उनसे 42,565 रुपए वसूले गए। इसके अलावा 22 यात्रियों से अधिक सामान लेकर यात्रा करने पर 2,240 रुपए तथा रेल परिसर में गंदगी फैलाने के दो मामलों में 2,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। रेलवे के अनुसार अभियान का उद्देश्य यात्रियों को वैध टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूक करना है।

### निधन

#### शकुन वर्मा



बंगोली। ग्राम बंगोली निवासी शकुन वर्मा 74 वर्ष का 1 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में स्वजातीय सहित ग्राम के अन्य लोगों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की। वे चम्मन वर्मा, विनोद वर्मा की मां थीं।

## 1.7 लाख से अधिक लंबित मामले, आवेदक हो रहे परेशान

# तहसीलों में सुधर नहीं रही व्यवस्था, हर दिन 20 से 25 प्रतिशत प्रकरणों पर ही सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के तहसील दफ्तरों से लेकर कलेक्टोरेट स्थित राजस्व न्यायालयों में राजस्व से संबंधित प्रकरणों के निराकरण करने की व्यवस्था सुधर नहीं पा रही है। प्रदेशभर में हर दिन 4 से 6 हजार के बीच प्रकरणों पर सुनवाई की तारीख दी जाती है, लेकिन इनमें से बमुश्किल 20 से 25 प्रकरणों पर ही सुनवाई हो पाती है, जिसके कारण अधिकतर प्रकरणों में पक्षकारों को सिर्फ तारीख पर तारीख मिलती रहती है।

इधर जिन प्रकरणों में सुनवाई होती है, उनमें भी ज्यादातर प्रकरणों में विभिन्न कारण से सुनवाई पूरी नहीं होने की वजह से आर्डर जारी नहीं हो पाते और उन्हें भी अगली तारीख दे दी जाती है। इस तरह तहसीलों में लंबित प्रकरणों के निराकरण कई साल बीत जाने के बाद भी नहीं हो पाए हैं, वहीं पक्षकार भी दफ्तरों के चक्कर लगाकर परेशान हो रहे हैं।




अलग खबर

### विवादित होने के कारण अफसर पुराने प्रकरणों में नहीं ले रहे रुचि

अफसरों के अनुसार राजस्व न्यायालयों में सालों से लंबित पड़े ऐसे कई प्रकरण हैं, जो विवादित हैं। इन प्रकरणों में किसी पक्षकारों की मृत्यु हो चुकी है, किसी प्रकरण में दोनों पक्षकारों के पास दस्तावेजों की कमी है। किसी के पास दस्तावेज ही नहीं है। कई प्रकरणों में दोनों पक्षकारों में कोई पक्षकार उपस्थित नहीं हो पाता। कोई बीमारी के कारण सुनवाई में आ नहीं पा रहा है। इस तरह के विवादित प्रकरणों के निराकरण करने में अफसर भी रुचि नहीं ले रहे।

### प्रमुख जिले में लंबित प्रकरणों की स्थिति

| | |
|---|---|
| रायपुर | 4681 |
| बिलासपुर | 4821 |
| दुर्ग | 9435 |
| रायगढ़ | 4756 |
| राजनांदगांव | 2634 |
| महासमुंद | 3924 |
| जांजगीर | 2757 |
| सरगुजा | 3874 |
| कोरबा | 4066 |
| कबीरधाम | 3523 |
| कांकेर | 4939 |
| गरियाबंद | 2398 |
| जशपुर | 3583 |

### तहसीलों में 2 से लेकर 10 वर्ष अवधि के हजारों प्रकरण लंबित

तहसील दफ्तरों में राजस्व के लंबित प्रकरणों में 2 साल से लेकर 10 वर्ष से भी पुराने हैं। इनमें 5 से 10 वर्ष बीच के लगभग 40 हजार से अधिक प्रकरण लंबित हैं, जिनके निराकरण नहीं किए गए हैं। इसी प्रकार 2 से 5 वर्ष के बीच के 50 हजार से अधिक प्रकरण लंबित हैं। एक से दो वर्ष के पहले के प्रकरणों की संख्या भी लगभग 15 हजार है।

### 4917 प्रकरणों में 1246 में हो पाई सुनवाई

*प्रदेशभर में तहसील दफ्तरों से लेकर जिला कलेक्टोरेट स्थित राजस्व न्यायालयों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण कछुआ गति से किए जा रहे हैं। प्रदेशभर में बुधवार को कुल 4917 प्रकरणों में पक्षकारों को सुनवाई की तारीख दी गई थी। इनमें से महज 12 प्रकरणों में ही सुनवाई हो पाई, जबकि 3671 प्रकरणों पर सुनवाई ही नहीं हो पाई। इस तरह कुल 25 प्रतिशत प्रकरणों पर ही सुनवाई की गई। यह आंकड़ा बताता है कि राजस्व न्यायालयों में पक्षकारों को प्रकरणों के निराकरण के लिए सुनवाई की तारीख तो दी जा जाती है, लेकिन इन प्रकरणों का निराकरण करना तो दूर, इनमें ज्यादातर में सुनवाई ही नहीं हो पाती।*

## स्वामी आत्मानंद स्कूल में साइकिल का वितरण





हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

स्वामी आत्मानंद हिंदी इंग्लिश मीडियम स्कूल गनियारी में कक्षा नवमीं की छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से क्षेत्र के जनपद सदस्य शिवशंकर वर्मा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पढ़ाई को बिना समस्या के बिना रोक-टोक के करने तथा बच्चों के स्कूल आने जाने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए साइकिल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य के. एल.टोप्पो, ग्राम के सरपंच संतोषी राजेंद्र निर्मलकर, शाला विकास समिति अध्यक्ष यशवंत वर्मा, जीवराखन साहू, बिहारी साहू, श्यामलाल साहू, परदेशी साहू, घनेन्द्र वर्मा, राजेंद्र साहू, ऋतु वर्मा, मेनुका साहू,दिलेश्वर वर्मा, भागीरथी वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा सहित स्कूल के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## नवपदस्थ डीईओ से आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



पलारी। बलौदाबाजार में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी कुमार सिंह मरावी से सर्व आदिवासी समाज के जिला प्रतिनिधिमंडल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल ने श्री मरावी के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में जिले में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा एवं गति मिलेगी तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों के हित में सकारात्मक कार्य होंगे। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र ध्रुवंशी, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, महिला प्रभाग की जिला सचिव राधा ध्रुव, जिला सचिव थानू ध्रुव, समाजसेवी दयाराम ध्रुव एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष बलौदाबाजार कैलाश ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## नेशनल अवॉर्ड से बढ़ा रामनामी समाज का गौरव ...



गोपालपुर| सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सरसीवां स्थित मार्को सिनेप्लेक्स में रामनामी समाज का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, एसपी सुनील शर्मा और जनप्रतिनिधियों ने समाज के लोगों को शॉल व रामचरितमानस भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली रामनामी समाज पर आधारित डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई। वहीं जिला कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि रामनामी समाज पर बनी डॉक्यूमेंट्री को राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट डॉक्यूमेंट्री का सम्मान मिलना पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। वहीं रामनामी समाज के सचिव गुलाराम रामनामी ने इसे पूरे समाज और छत्तीसगढ़ का सम्मान बताया। उन्होंने जिला प्रशासन का आभार जताते हुए लोगों से रामनामी परंपरा के मूल संदेश—नशामुक्ति, सद्भाव और जाति-भेद से दूर रहने अपने जीवन में अपनाने की अपील की।

## पेज 9 के शेष

### स्मार्ट मीटर और...

जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे ने आरोप लगाया कि घरेलू, गैर-घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में बढ़ोतरी की गई है तथा स्मार्ट मीटर लागू होने के बाद मनमानी बिलिंग और पारदर्शिता की कमी की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार बिजली दर वृद्धि और स्मार्ट मीटर की व्यवस्था वापस नहीं लेती है तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन किया जाएगा।

### जर्जर सड़क के...

पहुंच गया। छात्रों की मांग पर कलेक्टर व एसडीएम को मोबाइल से अवगत कराये जाने पर स्कूल भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत किये जाने का आश्वासन दिया गया। ग्रामीणों में नंदकिशोर, कन्हैया, कमलेश प्रमोद रामप्रसाद, कमलेश विनोद, विजय पाल , शुखरतन पाल, दुर्गेश, वियाश, रोमनाथ, मनोज, रामकुमार, कामता, एवं महिला समूह व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित राहगीरों ने जनहित के मुद्दे पर आम लोगों के एकजुटता की सराहना की।एसडीएम श्यामा पटेल ने बताया की धुर्राबांधा सड़क रिपेरिंग का कार्य शुरू किया जा चुका है, वहीं नई सड़क का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है।

### हथबंद में नियम...

आदेश जारी किए जा रहे हैं, जिससे पंचायत का कार्य प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में और उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में सरपंच एवं पंचों के साथ शिवसेना के ईश्वर प्रसाद निषाद, ओमकार वर्मा, योगेश्वर वैष्णव, दुपेश देवांगन, दिलीप चतुरे, रामबिलास, आत्माराम, राजू मानिकपुरी, भूपेश निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ के श्रमिकों...

प्रदेश के श्रमिकों को उनके गांव और आसपास ही रोजगार उपलब्ध कराने तथा दूसरे राज्यों में कार्यरत मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। साथ ही, बाहर काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। त्रिवेदी ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियां ऐसी हैं कि बड़ी संख्या में मजदूर रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में जाने को मजबूर हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि सावन के महीने में, जब प्रदेश में रोपा-ब्यासी और खेती का कार्य चल रहा है, तब भी यदि छत्तीसगढ़ के श्रमिक जम्मू-कश्मीर जाकर काम करने के लिए विवश हैं और वहां आतंकवाद का शिकार हो रहे हैं, तो यह केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकारों के लिए आत्मचिंतन का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सीमेंट फैक्ट्रियों और अन्य उद्योगों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के दावे किए जाते हैं, लेकिन यदि वास्तव में स्थानीय स्तर पर पर्याप्त रोजगार मिल रहा होता तो श्रमिकों को काम की तलाश में दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ता।

## मां के नाम छात्रों ने रोपे पौधे, संरक्षण का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



शनिवार को पूर्व माध्यमिक शाला दतान प में एक पेड़ मां के नाम थीम के अंतर्गत वृहद पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी माता के नाम की तख्ती तैयार कर पौधों के साथ लगाई, जिससे बच्चों में अपनी माँ के प्रति सम्मान, प्रकृति के प्रति प्रेम तथा पर्यावरण संरक्षण की भावना का विकास हुआ। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों को यह संकल्प दिलाया गया कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी नियमित देखभाल, सुरक्षा और संरक्षण करना भी हमारी जिम्मेदारी है। प्रत्येक बच्चा अपने लगाए हुए पौधे को एक परिवार के सदस्य की तरह सहेजेगा और उसे बड़ा होने तक सुरक्षित रखने का प्रयास करेगा। उक्त अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं साथ ही देवकी ध्रुव प्रधानपाठक, किरण ठाकुर प्रधानपाठक, सरस्वती वर्मा, मधु फेकर, कमलेश साहू, प्रकाश कुमार सेन, शिव कुमार वर्मा, देवेश साहू, श्रवण साहू, तेजराम साहू, अभिषेक महोबे उपस्थित थे।

## प्राथमिक शाला सेम्हराडीह के बच्चों को टाई बेल्ट का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ रिसदा।

बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सेम्हराडीह के सरपंच प्रमिला जितेन्द्र वर्मा, शिक्षा सम्मान ग्रुप अध्यक्ष यशवंत यदु, उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद एवं सदस्य हुलास यदु, लकेशवर, सुरज, भोजराम, पूनमचंद एस एम सी अध्यक्ष रविसाहू, अर्जून ध्रुव, कुंवर सिंह, प्रभारी प्राचार्य गिरीश पटेल, राजेश्वरी के सहयोग से विद्यालय के कक्षा पहली से पाँचवीं तक के सभी विद्यार्थियों को टाई बेल्ट का वितरण किया गया।

इस अवसर पर सभी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय की निर्धारित गणवेश पहनने तथा अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षा सम्मान ग्रुप का यह सराहनीय प्रयास विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन एवं शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण है।

## सेवा सेतु पोर्टल से मिली राहत, कनकी के 9 हितग्राहियों को मिला विवाह प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ग्राम कनकी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में संचालित सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को शासकीय सेवाएं सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत कनकी के 9 हितग्राहियों को आवेदन उपरांत शीघ्र विवाह प्रमाण पत्र जारी किए गए। विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर हितग्राहियों ने शासन की इस डिजिटल पहल की सराहना करते हुए कहा कि सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज समय पर और बिना अनावश्यक परेशानी के प्राप्त हो रहे हैं।

ग्राम पंचायत कनकी द्वारा भी नागरिकों को अधिक से अधिक शासकीय सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए निरंतर सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। सेवा सेतु – जन विश्वास का सेतु, हर नागरिक तक शासकीय सेवाओं की आसान एवं समयबद्ध पहुंच है।



**खबर संक्षेप**



## पैजनी स्कूल में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण

**मुंडा।** उच्चतर, पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला पैंजनी में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण हुआ। कार्यक्रम में विकासखंड सचिव चूड़ामणि वर्मा, स्काउटर नरेंद्र कुमार साहू, गाइड कैप्टन भानु शर्मा, तुलसी वर्मा तथा शाला विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर वर्मा शामिल हुए। पौधारोपण में कदम बेल, गुलमोहर, करन, आम आदि के छायादार फलदार पौधे का रोपण कर संरक्षण करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ज्ञानेंद्र कुमार बघेल, प्रधान पाठक संतोष कुमार पैकरा, संकुल समन्वयक समारुदास बांध, व्याख्याता मधुर दास मानिकपुरी, ममता राठौर, शिक्षक अरुण कुमार रात्रे, अनिल भारद्वाज, त्रिलोचन ध्रुव, प्रियंका भारद्वाज, विनोद कुमार पटेल, सुनीता ध्रुव सुकृता सेन, ज्यामिति यदु, लोमस कोसरे, मनोज वर्मा, दुर्गा वर्मा तथा बड़ी संख्या में स्काउटस गाइडस उपस्थित थे ।

## कराटे चैम्पियनशिप में एबीसी स्कूल के तीन छात्रों का चयन




**खरोरा।** एबीसीस्कूल के तीन होनहार विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप में बेहतर प्रदर्शन कर चयन प्राप्त किया है। अब ये खिलाड़ी राष्ट्रीय विद्यालय खेल एवं क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026-27 में जिले



और विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयनित विद्यार्थियों में आदित्य वर्मा कक्षा 8वी, पुष्कर वर्मा कक्षा 8वीं और पौरवी साहू कक्षा 7वीं शामिल हैं। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। खेल शिक्षक ने बताया कि विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और निरंतर अभ्यास से यह मुकाम हासिल किया है। विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की है कि राष्ट्रीय स्तर पर भी ये खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और जिले का नाम रोशन करेंगे।

## सोनवानी न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

**रायपुर।** सीजीपीएससी घोटाले में गिरफ्तार पीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी से पूछताछ के बाद शुक्रवार को ईडी ने उन्हें स्पेशल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट को ईडी ने बताया कि उनकी पूछताछ पूरी हो गई है। सोनवानी से मिले इनपुट के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। किसी भी तरह का आवेदन नहीं लगने पर कोर्ट ने टामन को 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया। ईडी ने सोनवानी को 24 जुलाई को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए सात दिन 31 जुलाई तक के लिए रिमांड हासिल की थी।

# प्रफुल्ल चंद्र राय जयंती पर सशिमं में मनाया गया विज्ञान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खरोरा में भारतीय विज्ञान के जनक डॉ. प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती पर विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक कुमार कोसले व्याख्याता, विशिष्ट अतिथि ठाकुर राम देवांगन शिक्षक एवं भारत लाल वर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने डॉ. प्रफुल्ल चंद्र राय के जीवन, उनके वैज्ञानिक योगदान तथा रसायन विज्ञान के महत्व पर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि ने रसायन विज्ञान की वर्तमान समय में उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर रसायन विज्ञान विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें वीणा वर्मा ने प्रथम, साहिल कुमार देवांगन ने द्वितीय तथा चेतना साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा सौरमंडल, डीएनए संरचना, मानव शरीर, तंत्रिका तंत्र, ज्वालामुखी, पवन चक्की, उत्सर्जन तंत्र, कोशिका सहित विभिन्न विषयों पर लगभग 50 मॉडल एवं 30 चार्ट प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य-आचार्याएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

***विज्ञान प्रदर्शनी में 50 मॉडल और 30 चार्ट रहे आकर्षण का केंद्र**



### गर्भाशय की संरचना मॉडल के लिए तृप्ति देवांगन एवं खुशी देवांगन प्रथम

मॉडल प्रतियोगिता में गर्भाशय की संरचना मॉडल के लिए तृप्ति देवांगन एवं खुशी देवांगन कक्षा 12वीं, प्रथम, डीएनए संरचना मॉडल के लिए ढालनी वर्मा एवं जानवी देवांगन कक्षा 12वीं, द्वितीय तथा मानव शरीर एवं हृदय की संरचना मॉडल के लिए विद्या देवांगन, रीमा देवांगन, उर्वशी वर्मा, साधना देवांगन, आराध्या साहू एवं गरिमा देवांगन तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का संचालन कंचन वर्मा ने किया। कार्यक्रम की जानकारी प्रचार-प्रसार प्रमुख सीमा पंसारी ने दी।

**अभियान : जिला स्तरीय वन महोत्सव में वृहद पौधारोपण का आयोजन**

# एक पेड़ मां के नाम अभियान सन्देश है जन-जन का महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



जिला स्तरीय वन महोत्सव 2026 का आयोजन शनिवार को मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, सकरी बलौदाबाजार में उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ किया गया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, वनमंडलाधिकारी धम्मशील गणवीर सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री सहित सभी अतिथियों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली विद्यार्थियों के लिए रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही जंगलों को आग से सुरक्षित रखने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वनसाथियों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिया गया /"एक पेड़ मां के नाम/" एक सन्देश के साथ ही देशव्यापी महाअभियान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक को अपनी मां के नाम पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे जीवित रखना, उसकी नियमित देखभाल करना और उसे एक बड़े वृक्ष के रूप में विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। तभी यह अभियान अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त कर सकेगा।






कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा लोगों को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया।

# बिजली के दाम कम करने और स्मार्ट मीटर वापस लेने कांग्रेस करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

विधायक इन्द्र साव ने कहा भाजपा सरकार ने जुलाई से घरेलू उपभोक्ताओं के दाम में 30 से 50 पैसे तथा गैर घरेलू में 20 से 40 पैसे की बढ़ात्तरी की है। कृषि के पंप की बिजली में भी 40 पैसे की बढ़ोत्तरी की गयी है। भाजपा की सरकार बनने के बाद लगातार पांचवी बार बिजली के दाम बढ़ाये गये हैं। बिजली के बेतहाशा बिल जनता की परेशानी का कारण बने हुये हैं। हाल ही में भाजपा सरकार ने बिजली के दामों में 12 प्रतिशत विद्युत ईधन अधिभार के रूप में बढ़ोत्तरी किया था। भाजपा की सरकार आने के बाद अभी तक 31.23 प्रतिशत बिजली के दाम बढ़ाये गये है।



साव ने कहा कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में केवल 2 पैसे की बढ़ात्तरी बिजली के दामों में किया था, उसमें भी 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू थी। भाजपा से सरकार नहीं संभल नहीं रही है। वह केवल जनता पर बोझ डालने का काम करती है।

400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के बाद, पांच बार बिजली के दाम बढ़ाया जाना जनता पर बोझ है। सरकार का बिजली विभाग उपभोक्ताओं को बिल के नाम पर लूटने में लगा है। पिछले कुछ महीनों से बिजली के बिल तीन से चार गुना आ रहे हैं। बिजली के खपत का अनुबंध भार क्षमता बिना उपभोक्ता की सहमति के बढ़ा दिया जा रहा है। जबकि उपभोक्ता की सहमति के बिना उसका अनुबंध भार नहीं बढ़ाया जा सकता है।

स विधायक इन्द्र साव ने कहा है कि कांग्रेस मांग करती है सरकार बिजली के दाम घटाये, 400 यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना लागू करें और स्मार्ट मीटर की जगह पुराना मीटर लगाए 1 उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु में स्मार्ट मीटर वहां की सरकार ने वापस लेने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ में भी सरकार जनहित में स्मार्ट मीटर वापस ले।

### स्मार्ट मीटर जबरन लगाने' का आरोप कांग्रेस ने सरकार से पूछा सवाल

मार्ट मीटर से खपत बढ़ा कर फिर खपत ज्यादा होने का हवाला देकर अनुबंध भार के आधार पर अर्थदंड जोड़कर बिजली के बिल भेजे जा रहे हैं। बिजली बिल ज्यादा आने का तीन कारण है। पहला सरकार ने बिजली के दाम बढ़ा दिया है। दूसरा बिजली बिल हाफ योजना बंद हो गई। तीसरा स्मार्ट मीटर लगाए गए है, जो अनाप शनाप खपत से अधिक रीडिंग बता रहा, जिससे बिल अधिक आ रहा है। अडानी की कंपनी के स्मार्ट मीटर लगाये गये है। संसद में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अप्रैल में स्पष्ट किया था, कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर किसी भी उपभोक्ता पर जबरन नहीं थोपे जा रहे है, और यह पूरी तरह वैकल्पिक व्यवस्था है और उपभोक्ताओं की सहमति या अनुमति के बिना सामान्य बिजली मीटर को स्मार्ट मीटर में बदलना गैर कानूनी है। छत्तीसगढ़ में स्मार्ट मीटर जबरिया क्यों लगाया जा रहा है।

# प्राथमिक स्कूल भरसेला बड़ा में हुआ छात्रसंघ चुनाव




**रवान।** प्राथमिक विद्यालय भरसेला बड़ा में शनिवार को नए शैक्षणिक सत्र में बाल संसद के सदस्यों का लोकतांत्रिक तरीके से मतदान द्वारा निर्वाचन एवं निर्वाचित मंत्रिमंडल के सदस्यों का समारोह आयोजित कर शपथ ग्रहण कराया गया। प्रधानाध्यापक डॉ. कमलेश कुमार सेन की मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में बाल संसद के शिक्षक संयोजक ज्वाला प्रसाद कौशिक द्वारा शपथ दिलायी गई। इस दौरान संकुल समन्वयक अमित अवस्थी, शिक्षिका द्रोपती श्रीवास, माला साहू, सती पैकरा तथा लखन पैकरा सक्रिय रहे। वहीं प्रधानमंत्री के पद पर निर्वाचित जागृती ध्रुव, शिक्षा मंत्री बनी श्रेया सोनवानी, पर्यावरण मंत्री पंकज पैकरा, विज्ञान एवं पुस्तकालय मंत्री चांदनी वर्मा, जल एवं कृषि मंत्री अखिल पैकरा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री रिवांश डहरिया, आपदा सुरक्षा मंत्री राखी पैकरा, सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री डाली वर्मा को पद पर एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ. कमलेश कुमार सेन प्रधान पाठक ने कहा कि यह शपथ ग्रहण समारोह बच्चों के भीतर लोकतांत्रिक सोच, सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व की भावना को जागृत करने वाली एक प्रेरणादायक पहल है।

## आरसेटी के नवनियुक्त निदेशक ने किया पदभार ग्रहण



**बलौदाबाजार।** एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बलौदाबाजार के नवनियुक्त निदेशक बैजनाथ कुमार में पदभार ग्रहण किया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक शिव कुमार कंवर ने उन्हें प्रभार दिया।निरीक्षण के दौरान श्री कंवर ने संस्थान में संचालित ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता, सीखने के अनुभव एवं स्वरोजगार की संभावनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को बैंकिंग सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाने हेतु बैंक खाता खोलने, विभिन्न बीमा योजनाओं का लाभ लेने तथा साइबर ठगी एवं बैंकिंग फ्रॉड से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग का सुरक्षित उपयोग करने और किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम पिन अथवा बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करने की सलाह दी।

# संविदा व नियमित कर्मचारियों की मांगों का सर्व यादव समाज ने किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

छत्तीसगढ़ में शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के नियमित व संविदा कर्मचारियों द्वारा अपने सेवा व वेतन विसंगति को दूर कराने विभिन्न कर्मचारी संगठनों के बैनर तले आन्दोलन किया जा रहा है।

इस संबंध में सर्व यादव समाज एवं सर्व छत्तीसगढ़िया समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा अपने घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के नाम पर सत्ता में वापसी हुई थी, जिसमें प्रदेश के युवा, किसान, बेरोजगार व सभी संवर्ग के कर्मचारियों को लाभ देने का स्पष्ट उल्लेख है, लेकिन सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद भी कोई पहल नहीं हुई है, जिससे प्रदेश के युवा विशेष कर विभिन्न विभागों में सेवा रत संविदा कर्मचारी बढ़ती उम्र, नौकरी की अनिश्चितता व परिवार की जिम्मेदारियों को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक है। एक बड़ा शिक्षक समुदाय अपनी पुरानी सेवा गणना शून्य होने को लेकर काफी व्यथित हैं, जिससे बूढापे का सहारा पेंशन से उन्हें दूर किया गया है। ऐसे सभी कर्मचारी वर्ग निराश होकर अपने जायज मांगों को लेकर आंदोलन के लिए बाध्य है। इस गंभीर विषय में स्वयं मुख्यमंत्री जिनके पास काफी समय तक शिक्षा मंत्रालय भी रहा है, उन्हें उचित पहल करते हुए उनकी मांगों को पूरा कराना चाहिए, उन्होंने शिक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा शिक्षा मंत्री के दुर्ग में स्थित निज निवास के सामने धरना प्रदर्शन को राजनीतिक षड्यंत्र बताते हुए मंत्री को बदनाम करने की साज़िश बताया है।



■ प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने सीएम को लिखा पत्र

इस संबंध में उन्होंने कहा प्रदेश स्तर पर निर्धारित धरना स्थल तूता मैदान, मंत्रालय घेराव, मंत्रीयों का सरकारी बंगला घेराव, जिला या ब्लाक मुख्यालय में प्रदर्शन आदि परंपरा में रही है, लेकिन किसी मंत्री के निज निवास जहां वृद्ध माता-पिता बच्चों को समक्ष प्रदर्शन किसी भी स्थिति में उचित नहीं है, उन्होंने कर्मचारियों की जायज मांगों पर विचार कर शीघ्र पूरा कराने की उचित पहल की मांग की।

**प्रेमचंद के साहित्यिक योगदान पर डाला प्रकाश**

# रामप्रसाद देवांगन स्कूल में मुंशी प्रेमचंद जयंती मनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा


स्व.रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय, खरोरा में हिंदी कथा साहित्य सम्राट, कलम के सिपाही मुंशी प्रेमचंद की 146वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आर के साहू ने प्रेमचंद को नमन करते हुए कहा है कि तत्कालीन ग्रामीण एवं शहरी भारत का जीवंत चित्रण, कृषकों, दलितों की समस्या, दहेज, अनमेल विवाह, साहूकारों के शोषण, आभूषण प्रेम आदि अनेकानेक समस्याओं के समाधान का प्रयास उन्होंने अपनी रचनाओं में किया है।




उर्दू में नवाब राय के नाम से साहित्यिक यात्रा का आरंभ करने वाले इस महान कथाकार ने तीन सौ से अधिक कहानियां और डेढ़ दर्जन से अधिक उपन्यास लिखकर हिंदी साहित्य को समृद्ध किया। हिंदी के सहायक प्राध्यापक डॉ वाल्मीकि साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रेमचंद की आरंभिक कहानियां पंच परमेश्वर, नमक का दारोगा, ईदगाह, बड़े घर की बेटी, दो बैलों की कथा आदि आदर्शवादी हैं, तो बाद की कफन, सवा शेर गेहूं, ठाकुर का कुआँ, सद्गति, पूस की रात आदि कहानियां यथार्थवादी हैं। सेवासदन, प्रेमाश्रय, निर्मला, कर्मभूमि, रंगभूमि, गबन, गोदान आदि औपन्यासिक रचनाएँ हिंदी कथा साहित्य की अमर कृतियां हैं।

इसके अनंतर राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक हिमांशु ध्रुव ने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया एवं रील की दुनिया से बाहर आकर किताबों को पढ़ने कहा। किताबें हमारे व्यक्तित्व को बदलती हैं। तकनीशियन विष्णु गिरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए साहित्य के पठन-पाठन के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में रचना मिश्रा, अंशु ध्रुव, चुलेश्वर साहू, श्री विष्णु गिरी (तकनीशियन) एवं अंजलि, हिना, मुस्कान, चांदनी, वर्षा, सौम्या, जावेद आदि छात्रगण उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-38, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

PM-JAY (आयुष्मान भारत योजना) के तहत त्वरित, सरल और कैशलेस सुविधा
मित्तल हॉस्पिटल
अब आयुष्मान योजना द्वारा
डायलिसिस सेवा उपलब्ध
Dr Abhishek Tiwari
DrNB (Nephrology)
पूर्णकालिक सेवा उपलब्ध
अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें
अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट द्वारा देखभाल
किडनी रोग विशेषज्ञ टीम
नियमित जांच और मॉनिटरिंग
24x7 आपातकालीन सुविधा
होली क्रास स्कूल के सामने, अवंति बाई चौक, पंडरी, रायपुर
फोन: 93430 79151, 91313 99570